ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 24.12.2020

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- वित्त संसदीय कार्य एवं शिक्षा चिकित्सा विभाग मा0 मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी के कर कमलों द्वारा आज दिनांक 24.12.2020 को बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कालोनी में अटल पार्क में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की प्रतिमा का लोकार्पण एवं स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 24.12.2020 को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निगम शाहजहॉपुर में सेनेटरी वेलदारों कों सुरक्षात्मक उपकरणों के प्रयोग हेतु डॉ पी0के सिंह द्वारा दिया गया प्रशिक्षण।

1. नगर निगम द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की स्मृति मे बरेली मोड़ स्थित आवास विकास पार्क मे भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की प्रतिमा स्थापित की गई। जिसका अनावरण मुख्य अतिथि मा0 सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री जी द्वारा आज दिनांक 24.12.2020 को किया गया। स्वच्छता में मा0 सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री जी ने बताया कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी भारत के 03 बार प्रधानमंत्री बने। इन्होने अपना जीवन राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र अटल सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पॉच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित कर दिया। इसके अतिरिक्त मा0 मंत्री जी द्वारा नगर वासियो से अपील की कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले। जिससे अपने शहर को प्रथम स्थान मिल सके। नगर आयुक्त ने बताया कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी द्वारा 19 फरवरी 1999 को सदा ए सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा शुरू की गई। अटल बिहारी बाजपेयी राजनीतिज्ञ होने के साथ–साथ एक कवि थे। स्वर्णिम चर्तुभुज परियोजना भारत भर के चारों कोनो को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिये की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी द्वारा की गई। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगो से अपील की गई कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में अपनी पूरी सहभागिता करें, जिससे अपने शहर को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में सांसद श्री अरूण कुमार सागर, जिला पंचायत श्री अजय प्रताप सिंह यादव, जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर आयुक्त श्री एस0के सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, एवं श्री अंगद गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल),मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम अवर अभियन्ता श्री विक्रमाजीत यादव एवं जिलाध्यक्ष श्री हरि प्रकाश वर्मा, नगर अध्यक्ष श्री अरूण गुप्ता,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव एवं स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, श्री इन्दु अजनवी तथा अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।
2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 24.12.2020 को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निगम शाहजहॉपुर में सेनेटरी वेलदारों कों सुरक्षात्मक उपकरणों के प्रयोग हेतु डॉ पी0के सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सहायक अभियन्ता डा0 पी0के0सिंह द्वारा सीवर के निस्तारण हेतु उपयोग होने वाले सुरक्षात्मक यंत्रो के विषय में विस्तार से बताया गया। इसके साथ यह भी बताया कि स्लज स्वास्थ्य व वातावरण के लिये खतरनाक है जिसका सुरक्षात्मक ढ़ग से निस्तारण किया जाना स्वास्थ्य हित में अति आवश्यक है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्लज का निस्तारण मैकेनाइज्ड तरीके से किया जाता है इसमें विभिन्न प्रकार के सुरक्षात्मक यंत्रो का इस्तेमाल किया जाता है। कार्यक्रम में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित, अवर अभियन्ता,जल श्री उमेश कुमार एवं सेनेटरी वेलदार उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।